# स्टार्टअप को बढ़ावा देने में गुजरात सबसे आगे, यूपी नेतृत्वकर्ता राज्य

## डीपीआईआईटी ने जारी की 33 राज्यों के प्रदर्शन पर आधारित स्टार्टअप रैंकिंग

नई दिल्ली। स्टार्टअप को बढ़ावा देने में गुजरात, केरल और कर्नाटक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। गुजरात को लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का दर्जा मिला है। कर्नाटक को लगातार दूसरे वर्ष इस श्रेणी में स्थान मिला। वहीं, उत्तर प्रदेश (यूपी) को उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिहाज से नेतृत्वकर्ता राज्य का दर्जा मिला है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से जारी राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग-2022 में तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों की श्रेणी में रखा गया है। इस रैंकिंग का मकसद राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को उनके स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने व एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं से सीखने में मदद करना है। इसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया है। एक करोड़ से अधिक आबादी और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले राज्य। एजेंसी

### रैंकिंग की 5 श्रेणियां

स्टार्टअप रैंकिंग में कुल 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है।

*शीर्ष प्रदर्शन वाले राज्य*

*स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिहाज से महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।*

*नेतृत्वकर्ता राज्य : इस श्रेणी में यूपी के अलावा आंध्र प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और त्रिपुरा को रखा गया है।*

*महत्वाकांक्षी नेतृत्व : महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले राज्यों में बिहार, हरियाणा, अंडमान व निकोबार और नगालैंड शामिल हैं।*

*उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र : इस श्रेणी में छत्तीसगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, दादर एवं नगर हवेली, दमन दीव, लद्दाख, मिजोरम, पुडुचेरी और सिक्किम।*

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले राज्यों में केरल कर्नाटक, तमिलनाडु व हिमाचल भी**

### मान्यता प्राप्त स्टार्टअप तक पहुंच बनाएं अधिकारी : गोयल

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप रैंकिंग जारी करते हुए कहा, अधिकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप तक पहुंच बनाएं ताकि पता चले कि उन्हें किसी प्रकार के सहयोग की जरूरत है या नहीं। अधिकारी सभी उद्यमियों का वर्गीकरण डीपटेक, एग्रीटेक या फिनटेक के आधार पर करें, जिससे विभाग उनके साथ केंद्रित तरीके से बातचीत कर सके।

### वेड इन इंडिया को दें बढ़ावा

**सलाह** गोयल ने कहा, स्टार्टअप दुनियाभर के लोगों को आकर्षित करने के लिए 'वेड इन इंडिया' (भारत में शादी करें) को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर काम करने पर विचार कर सकते हैं।

- स्टार्टअप इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) का विकल्प खोजें और वर्तमान में विमानन उद्योग के समक्ष पेश हो रही समस्या (सर्दियों में घने कोहरे की) को सुलझाएं।

***1.17 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप :*** *1,800 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को पेटेंट प्रदान किया गया है। ऐसे स्टार्टअप की संख्या 1.17 लाख से अधिक हो गई है।*